1 '|

'कर्मचारी संघ जिन्दाबाद' ।। संघे शक्ति कलयुगे ।। 'महासंघ जिन्दाबाद'

स्थापित-1982

(1)

# बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ

पटना- 800005 (बिहार)

(अखिल भारतीय विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ, नई दिल्ली)

पंजीयन-97/82


प्रदेश अध्यक्ष
**शंकर यादव**
एल.एन.एम.यू. दरभंगा।
मो0- 9430996453 / 8271191632

प्रदेश कार्यालय-अखिलेश नगर, पश्चिमी रोड नं0-2,
थाना-बाइपास, पोस्ट-झाऊगंज, पटना-800006, मो-7543042345
Email-info@bsuef.org
website: www.bsuef.org

प्रदेश महासचिव
**राघवेन्द्र कुमार**
बी0आर0ए0बी0यू0, मुजफ्फरपुर
मो0-9973358168



उपाध्यक्ष

**डॉ0 दीलिप कुमार गुप्ता**
पटना विश्वविद्यालय, पटना
मो0- +91-7631696569

**डॉ0 सरोज कुमार सिंह**
जयप्रकाश विश्वविद्यालय, छपरा
मो- +91- 9939745814

कोषाध्यक्ष

**जनाब मंजर इमाम**
वी० कुं० सिंह विश्वविद्यालय, आरा
मो०- +91- 9931062586

संगठन मंत्री

**डॉ0 दिनेश कुमार दिनकर**
मगध विश्वविद्यालय, बोधगया
मो0- +91-9308596371

**सुनील कुमार सिंह**
कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय दरभंगा
मो0- +91-9472698751/7979897929

**रंजन कुमार**
बी.आर.ए.बी.यू. मुजफ्फरपुर
मो.- +91- 9472003662

**डॉ0 राजेश्वर राय**
बी.एन. मंडल विश्वविद्यालय, मधेपुरा
मो०- +91-9431413716

**डॉ0 रविन्द्र कुमार मिश्र**
कामेश्वर सिंह संस्कृत विश्वविद्यालय
दरभंगा । मो0- +91- 8797275807

**सुरेश कुमार चौधरी**
तिलका मांझी विश्वविद्यालय, भागलपुर
मो०- +91-9973542172

प्रवक्ता

**गौरव**
बी.आर.ए.बी.यू., मुजफ्फरपुर
मो०- +91-9123469271

**मो0 नसीम अख्तर**
सह प्रवक्ता (पटना क्षेत्र)
मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय
पटना, मो०- +91-7250267712

संयुक्त कोषाध्यक्ष

**सैय्यद शाहिद नक़वी**
मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय
पटना, मो०- +91-7488449803


पत्रांक MSP/2022/239/Patna दिनांक 29/09/2022

सेवा में,

महामहिम राज्यपाल–सह–कुलाधिपति महोदय
राजभवन, पटना, बिहार ।

विषयः– **शिक्षकेत्तर कर्मियों की वर्षों से लंबित समस्याओं के निदान के संबंध में।**

महाशय,

उपरोक्त विषय के संबंध में महासंघ के द्वारा विश्वविद्यालयों में लंबित समस्याओं के निदान के लिए विगत 4 वर्षों में कई पत्र दिया गया। एक बार महामहिम कुलाधिपति महोदय से वर्ष 2019 में राजभवन में वार्ता भी हुई, जिसमें आश्वासन भी दिया गया एवं एक बार शिक्षा विभाग, निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग से वार्ता में भी आश्वासन मिला किन्तु बहुत ही दुख के साथ कहना पड़ रहा है कि आज तक समस्याओं के समाधान हेतु कोई उचित कार्रवाई नहीं की गयी और ना ही कभी इस संबंध में 2019 के बाद किसी प्रकार की वार्ता की पहल की गई है ।

विदित हो कि बिहार राज्य विश्वविद्यालय कर्मचारी महासंघ की कार्यकारिणी की बैठक दिनांक 11.09.2022 को मगध विश्वविद्यालय, बोध गया में हुई जिसमें राजभवन एवं राज्य सरकार द्वारा विश्वविद्यालय कर्मचारियों के प्रति उदासीन रवैये के प्रति गहरा दुख प्रकट किया गया। उक्त बैठक में यह भी निर्णय लिया गया कि राजभवन एवं राज्य सरकार द्वारा शिक्षकेत्तर कर्मचारियों से संबंधित निम्नलिखित मांगों पर त्वरित कार्रवाई नहीं किया जाता है तो ध्यानाकर्षण हेतु विश्वविद्यालय शिक्षकेत्तर कर्मियों को आन्दोलन के लिए विवश होना पड़ेगा। कर्मियों की माँग निम्नलिखित है–

1. विश्वविद्यालय कर्मियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय वाद सं० 516/03 में पारित न्यायादेश निर्णय के आलोक में सचिवालय कर्मियों की भाँति सभी सुविधाएँ प्रदान करना।
2. पूर्व की भाँति 01.09.2005 को या इसके बाद नियुक्त विश्वविद्यालय कर्मियों को पुरानी पेंशन योजना लागू करना।
3. राज्यपाल सचिवालय द्वारा 429–रा०स०(1) दिनांक 04.03.2014 में निर्गत परिनियम अधिसूचना निर्गत होने की तिथि से लागू करना एवं 04.03.2014 के पूर्व नियुक्त कर्मियों की स्थिति यथावत रखने ।
4. क्रिसमस अवकाश कटौती को पुनर्बहाल करने।
5. सिनेट में कर्मचारी प्रतिनिधियों की संख्या एक से बढ़ाकर पाँच करने तथा सिंडिकेट में एक कर्मचारी प्रतिनिधि को प्रतिनिधित्व देने ।
6. वेतन सत्यापन कोषांग को समाप्त करने।
7. शिक्षकेत्तर पदाधिकारियों के पदों पर शिक्षकेत्तर कर्मचारियों को प्रोन्नति/प्रभार देने ।
8. राज्य सरकार के द्वारा गठित समितियों में महासंघ के सदस्य को नामित करने ।
9. विश्वविद्यालयों में कर्मचारियों से संबंधित समितियों में वहाँ के संघ के प्रतिनिधि को नामित करने ।
10. पद रिक्ति की तिथि से प्रशाखा पदाधिकारी एवं चतुर्थ श्रेणी सहित अन्य रिक्त पदों पर प्रोन्नति देने।

29/09/2022

11. बचे हुए विश्वविद्यालयों में सातवाँ वेतनमान के बकाये राशि का भुगतान करने ।
12. शिक्षकों की भाँति कर्मचारियों को भी सेवानिवृति की उम्र 65 वर्ष करने ।
13. मौलाना मजहरूल हक अरबी फारसी विश्वविद्यालय में नियुक्त एवं बी0 एन0 मंडल विश्वविद्यालय में नियुक्ति कर्मियों को कार्यबल के हिसाब से वेतन का भुगतान हेतु राशि आवंटन करने।
14. चतुर्थ वेतनमान से लेकर छठे वेतनमान में व्याप्त तृतीय वर्गीय एवं चतुर्थवर्गीय कर्मचारियों के वेतनमान में व्याप्त वेतन विसंगति का निराकरण जल्द कराने।
15. विश्वविद्यालय के कर्मचारियों को बिना कारण पदाधिकारियों द्वारा पड़तारित करने पर अंकुश लगाना।
16. दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने।

उपरोक्त मांगों पर अविलम्ब कार्रवाई नहीं होने की स्थिति में यह भी निर्णय लिया गया कि दिनांक 15.10.2022 को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों में काला बिल्ला लगाकर कार्य करेंगे। इसके बाद भी कोई सुनवाई नहीं होती है, तो दिनांक 04 एवं 05 नवम्बर 2022 को बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कर्मचारी सामूहिक अवकाश पर रहकर प्रतिकारात्मक विरोध प्रदर्शन करेंगे। इसके बाद भी यदि सरकार का ध्यान आकृष्ट नहीं होता है, तो माननीय महोदयजी का ध्यान आकृष्ट कराने हेतु दिनांक 14 नवम्बर 2022 को पटना विश्वविद्यालय, पटना के प्रांगण से राजभवन पैदल मार्च किया जायेगा।

अतः श्रीमान् से सादर अनुरोध है कि उपरोक्त मांगों पर ससमय उचित कार्रवाई करने की कृपा करें। ससमय उपरोक्त मांगों पर कोई कार्रवाई नहीं किया जाता है तो विश्वविद्यालय में उत्पन्न होने वाले स्थिति के लिए सारी जिम्मेवारी राजभवन, राज्य सरकार एवं विश्वविद्यालय प्रशासन की होगी। इन्हीं आशाओं के साथ ।

सादर !

भवदीय,

29/09/2022

(राघवेन्द्र कुमार)
प्रदेश महासचिव

ज्ञापांक– MSP/2022/239/ Patna दिनांक– 29/09/2022.

**प्रतिलिपिः–** 1. माननीय मुख्यमंत्री, बिहार, 2. माननीय शिक्षा मंत्री, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना 3. माननीय उप मुख्यमंत्री, बिहार 4. अध्यक्ष, बिहार विधान सभा, पटना 5. मुख्य सचिव, बिहार सरकार, पटना 6. माननीय मुख्य न्यायाधिश, पटना उच्च न्यायालय, पटना 7. बिहार के सभी विश्वविद्यालयों के कुलपति एवं कुलसचिव 8. प्रधान सचिव, राज्यपाल सचिवालय, राजभवन, पटना 9. अपर मुख्य सचिव/प्रधान सचिव, शिक्षा विभाग, बिहार, पटना 10. निदेशक, उच्च शिक्षा, शिक्षा विभाग, बिहार सरकार, पटना 11. निबंधक, माननीय पटना उच्च न्यायालय, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

सादर !

29/09/2022

(राघवेन्द्र कुमार)
प्रदेश महासचिव